# यूपीईएस स्कूल ऑफ लॉ में कानूनी सम्मेलन




देहरादून(वि)। यूपीईएस स्कूल ऑफ लॉ की ओर से प्रतिष्ठित कानूनी सम्मेलन श्रृंखला 'एडाप्ट या पेरिश' के दूसरे संस्करण का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इसकी थीम रही 'भारतीय मध्यस्थता एक दोराहे पर : सुधार, विरोध और एक मध्यस्थता केंद्र के रूप में भविष्य'। इसके तहत भारत के शीर्ष न्यायविदों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों ने गहन चर्चा की। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) विक्रमजीत सेन और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हेमंत गुप्ता ने भाषण दिए। , डीन, यूपीईएस स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ. अभिषेक सिन्हा ने भी विचार रखे।